# नमूना कृतिपत्रिका–3

## दसवीं कक्षा : द्‌वितीय भाषा हिंदी – (संपूर्ण) : लोकभारती

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 100**

**सूचनाएँ –** (1) सूचना के अनुसार गद्‌य, पद्‌य, पूरक पठन, भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए।

(3) रचना विभाग (उपयोजित लेखन) में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।

(4) शुद्‌ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## विभाग 1 – गद्‌य : 24 अंक

**प्र.1 (अ) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

**उमा :** **(तेज आवाज में)** जी हाँ, और हमारी बेइज्जती नहीं होती जो आप इतनी देर से नाप–तौल कर रहे हैं?

**शंकर :** बाबू जी, चलिए।

**गो. प्रसाद :** क्या तुम कॉलेज में पढ़ी हो? **(रामस्वरूप चुप)**


**उमा :** जी हाँ, मैं कॉलेज में पढ़ी हूँ। मैंने बी.ए. पास किया है। कोई पाप नहीं किया, कोई चोरी नहीं की और न आपके पुत्र की तरह लड़कियों के होस्टल में ताक–झाँककर कायरता दिखाई है। मुझे अपनी इज्जत, अपने मान का खयाल तो है लेकिन इनसे पूछिए कि ये किस तरह नौकरानी के पैरों में पड़कर अपना मुँह छिपाकर भागे थे।

**रामस्वरूप :** उमा, उमा !

**गो. प्रसाद :** **(खड़े होकर गुस्से में)** बस हो चुका। बाबू रामस्वरूप आपने मेरे साथ दगा किया। आपकी लड़की बी.ए. पास है और आपने मुझसे कहा था कि सिर्फ मैट्रिक तक पढ़ी है। **(दरवाजे की ओर बढ़ते हैं।)**

**उमा :** जी हाँ, जाइए, जरूर चले जाइए ! लेकिन घर जाकर जरा यह पता लगाइएगा कि आपके लाड़ले बेटे के रीढ़ की हड्‌डी भी है या नहीं– याने बैकबोन, बैकबोन–**[बाबू गोपाल प्रसाद के चेहरे पर बेबसी का गुस्सा है और उनके लड़के के रुलासापन। दोनों बाहर चले जाते हैं। उमा सहसा चुप हो जाती है।]**

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए :–** 2




**(2) कारण लिखिए :–** 2

**(क)** गोपाल प्रसाद का रामस्वरूप पर गुस्सा होना ____________

**(ख)** उमा का तेज आवाज में बोलना ____________

(3) **गद्यांश में आई हुई दो समानार्थी शब्दों की जोड़ियाँ ढूँढ़कर लिखिए :–** 2

**(ग)** ________ = ________

**(घ)** ________ = ________

(4) **'लड़कियों की शिक्षा' से संबंधी अपने विचार लिखिए।** 2

प्र.1 (आ) **निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

संपत्ति के स्वामित्व और उसके अधिकार को बात जानने के लिए यह समझना जरूरी है कि संपत्ति किसे कहते हैं और वह बनती कैसे है?

आम तौर से माना जाता है कि रुपया, नोट या सोना–चाँदी का सिक्का ही संपत्ति है, लेकिन यह ख्याल गलत है क्योंकि ये तो संपत्ति के माप–तौल के साधन मात्र हैं । संपत्ति तो वे ही चीजें हो सकती हैं जो किसी–न–किसी रूप में मनुष्य के उपयोग में आती हैं । उनमें से कुछ ऐसी हैं जिनके बिना मनुष्य जिंदा नहीं रह सकता एवं कुछ, सुख–सुविधा और आराम के लिए होती हैं । अन्न, वस्त्र और मकान मनुष्य की प्राथमिक आवश्यकताएँ हैं, जिनके बिना उसकी गुजर–बसर नहीं हो सकती । इनके अलावा दूसरी अनेक चीजें हैं जिनके बिना मनुष्य रह सकता है ।

प्रश्न उठता है कि संपत्तिरूपी ये सब चीजें बनती कैसे हैं? सृष्टि में जो नानाविध द्रव्य तथा प्राकृतिक साधन हैं, उनको लेकर मनुष्य शरीर श्रम करता है, तब यह काम की चीजें बनती हैं । अत: संपत्ति के मुख्य साधन दो हैं : सृष्टि के द्रव्य और मनुष्य का शरीर श्रम । यंत्र से कुछ चीजें बनती दिखती हैं पर वे यंत्र भी शरीर श्रम से बनते हैं ।

(1) **उत्तर लिखिए :–** 2

**(क)** संपत्ति के माप–तौल के साधन

↓ ________ ↓ ________

**(ख)** मनुष्य की प्राथमिक आवश्यकताएँ

↓ ________ ↓ ________

(2) **लिखिए :–** 2

**(ग)** संपत्ति का स्वामित्व और अधिकार को जानने के लिए इन्हें समझना जरूरी है :–
- ________
- ________

(3) **(घ) लिंग पहचानकर लिखिए :–** 1

(1) मकान – ________ (2) संपत्ति – ________

**(च) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए :–** 1

(1) गौण × ________ (2) अप्राकृतिक × ________

(4) **'मनुष्य की आवश्यकताएँ केवल संपत्ति से पूर्ण नहीं होतीं', इसपर अपने विचार लिखिए ।** 2

**प्र.1 (इ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

मानव समाज में अनेक ऐसी मान्यताएँ और विश्वास प्रचलित हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं हैं, इन्हीं को अंधविश्वास के नाम से जाना जाता है। इन्हीं अंधविश्वासों में किसी कार्य को प्रारंभ करते समय या घर से बाहर निकलते समय छींक देना, बिल्ली का रास्ता काट जाना, घर पर उल्लू का बोलना, टूटते तारे को देखना आदि प्रमुख हैं। इन अंधविश्वासों को मान्यता प्राप्त होने का मुख्य कारण संभवत: सही जानकारी का अभाव तथा धर्म का प्रभाव है। कभी–कभी ये अंधविश्वास हानि का कारण बनते हैं। बच्चे के बीमार हो जाने पर लोग उसका इलाज करवाने के बजाय नजर लगने को बीमारी का कारण मानते हैं। नजर उतारने के लिए झाड़–फूँक करवाना एवं ताबीज आदि बाँधना कभी–कभी बच्चे के जीवन तक को खतरे में डाल देते हैं। कुछ महिलाएँ अपने बच्चों को नज़र लगने से बचाने के लिए उन्हें काला टीका लगाती हैं। अंधविश्वासों के चंगुल से निकलने के लिए हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण तभी प्राप्त हो सकेगाा जब शिक्षा का व्यापक प्रचार–प्रसार हो।

**(1) उत्तर लिखिए :–** 2

मानव समाज में प्रचलित दो अंधविश्वास < ____________ / ____________

**(2) निम्नलिखित कथन पढ़कर केवल सत्य अथवा असत्य लिखिए :–** 2

**(क)** अंधविश्वासों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता। ________

**(ख)** कभी–कभी ये अंधविश्वास हानि का कारण नहीं बनते। ________

**(ग)** अंधविश्वासों के चंगुल से निकलने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। ________

**(घ)** उपर्युक्त गद्यांश अंधविश्वासों को बढ़ावा नहीं देता। ________

**(3) उपर्युक्त गद्यांश से दो प्रत्यययुक्त शब्द ढूँढ़कर उनके मूल शब्द लिखिए :–** 2

| प्रत्यययुक्त शब्द | मूल शब्द |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

**(4) 'समाज में फैला अंधविश्वास' दूर करने संबंधी उपाय लिखिए।** 2

## विभाग 2 – पद्य : 18 अंक

**प्र.2 (अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

हिमालय के आँगन में उसे, किरणों का दे उपहार
उषा ने हँस अभिनंदन किया, और पहनाया हीरक हार ।
जगे हम, लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक
व्योमतम पुंज हुआ तब नष्ट, अखिल संसृति हो उठी अशोक ।
विमल वाणी ने वीणा ली, कमल कोमल कर में सप्रीत
सप्तस्वर सप्तसिंधु में उठे, छिड़ा तब मधुर साम संगीत । ......
विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम
भिक्षु होकर रहते सम्राट, दया दिखलाते घर–घर घूम ।

(1) **पद्यांश में प्रयुक्त इन शब्दों से सहसंबंध दर्शाने वाले शब्द लिखिए :-** 2

- **(क)** हिमालय ________
- **(ख)** किरण ________
- **(ग)** विमल ________
- **(घ)** कोमल ________

(2) **उपर्युक्त पद्यांश पर आधारित ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्न शब्द हों :-** 2

सप्तस्वर, सम्राट

(3) **उपर्युक्त पद्यांश से किन्हीं चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।** 2

प्र.2 (आ) **निम्नलिखित कविताओं में से किसी एक का पद्य विश्लेषण निम्न मुद्दों के आधार पर कीजिए :-**

**छापा अथवा गजल**

**मुद्दे :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(क) रचनाकार का नाम** | – | ________ | 1 |
| **(ख) रचना की विधा** | – | ________ | 1 |
| **(ग) पसंद की पंक्तियाँ** | – | ________ | 1 |
| **(घ) पंक्तियाँ पसंद होने का कारण** | – | ________ | 1 |
| **(च) रचना से प्राप्त संदेश** | – | ________ | 2 |

प्र.2 (इ) **निम्नलिखित अपठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-**

> विवश नहीं हाथों के अभाव में
> कर सकते हैं काम वे सब
> करने की जो मन में ठान लें।
> छोड़ नहीं देते अधूरा काम वे
> जिसे एक बार थाम लें।
> मनोबल जिनका बाहुबल से है कहीं ज्यादा
> अक्षमताएँ नहीं रोक सकतीं
> उनका अटल इरादा।।

(1) **उत्तर लिखिए :-** 2

जिसके पास हाथों का अभाव है ऐसा व्यक्ति

↓

________

↓

________

(2) **जोड़ियाँ मिलाइए :–** 2

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| अटल | ठान लेना |
| अभाव में | इरादा |
| मन | विवश नहीं |
| मनोबल | अक्षमताएँ रोक नहीं सकतीं |

(3) **उपर्युक्त पद्यांश से प्रथम चार पंक्तियों का सरल अर्थ लिखिए।** 2

## विभाग 3– पूरक पठन : 8 अंक

प्र.3 (अ) **निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

जिस गली में आजकल रहता हूँ–वहाँ एक आसमान भी है लेकिन दिखाई नहीं देता। उस गली में पेड़ भी नहीं हैं, न ही पेड़ लगाने की गुंजाइश ही है। मकान ही मकान हैं। इतने मकान कि लगता है मकान पर मकान लदे हैं। लंद-फंद मकानों की एक बहुत बड़ी भीड़, जो एक सँकरी गली में फँस गई और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। जिस मकान में रहता हूँ, उसके बाहर झाँकने से 'बाहर' नहीं सिर्फ दूसरे मकान और एक गंदी व तंग गली दिखाई देती है। चिड़ियाँ दिखती हैं, लेकिन पेड़ों पर बैठीं या आसमान में उड़तीं हुई नहीं। बिजली या टेलीफोन के तारों पर बैठीं, मगर बातचीत करतीं या घरों के अंदर यहाँ-वहाँ घोंसले बनाती नहीं दिखतीं। उन्हें देखकर लगता मानो वे प्राकृतिक नहीं, रबड़ या प्लास्टिक के बने खिलौने हैं, जो शायद ही इधर-उधर फुदक सकते हों या चूँ-चूँ की आवाजें निकाल सकते हों।

(1) **सही विकल्प चुनकर विधान पूर्ण कीजिए :–** 2

**(क)** आजकल लेखक ऐसी गली में रहता है जहाँ –
मकान ही मकान हैं / मकान नहीं है / मकानों पर मकान नहीं हैं।

**(ख)** गद्यांश में वर्णित गली चौड़ी है / लंबी है / सँकरी है।

(2) **'बढ़ती जनसंख्या के परिणाम' इसपर अपने विचार लिखिए।** 2

प्र.3 (आ) **निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

गर डींग जनाब उड़ाएँगे, तो मजबूरन ताने सहिए, ताने सहिए, ताने सहिए ।
हम उस धरती की लड़की हैं...
यों आप खफा क्यों होती हैं, टंटा काहे का आपस में ।
हमसे तुम या तुमसे हम बढ़-चढ़कर क्या रक्खा इसमें ।
झगड़े से न कुछ हासिल होगा, रख देंगे बातें उलझा के ।
बस बात पते की इतनी है, ध्रुव या रजिया भारत माँ के ।
भारत माता के रथ के हैं हम दोनों ही दो-दो पहिये, अजी दो पहिये, हाँ दो पहिये ।
हम उस धरती की संतति हैं ....

(1) **परिणाम लिखिए :–** 2

**(क)** झगड़े करेंगे तो – ____________________

**(ख)** गर डींग उड़ाएँगे तो – ____________________

(2) **'समाज में स्त्री और पुरुष दोनों का महत्त्वपूर्ण स्थान है', इसपर अपने विचार लिखिए।** 2

## विभाग 4– भाषा अध्ययन (व्याकरण) : 18 अंक

**प्र.4 सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

**(1) (क) अधोरेखांकित शब्द का भेद लिखिए :–** 1

झाड़ी के पास बौना आदमी खड़ा था।

**(ख) निम्नलिखित शब्द का प्रयोग अपने वाक्य में कीजिए :–** 1

आप

**(2) (ग) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अव्यय ढूँढ़कर उसका भेद लिखिए :–** 1

एकाएक पैर ठिठक गए।

**(घ) निम्नलिखित अव्यय का अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए :–** 1

लेकिन

**(3) (च) सूचना के अनुसार काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए :–** 2

1) रचनात्मक कार्यों को लोक चेतना का माध्यम बनाया। (अपूर्ण वर्तमान काल)

2) महाराज ठंडाई माँग रहे हैं। (सामान्य भूतकाल)

**(4) तालिका पूर्ण कीजिए :–** 2

| संधि | संधि विच्छेद | संधि भेद |
|---|---|---|
| सूर्योदय | ______ + ______ | ______ |
| ______ | दुः + जन | ______ |

**(5) (छ) निम्नलिखित वाक्य का रचना के अनुसार भेद लिखिए :–** 1

तुम दोनों की मर्जी होती तो गाय को अब तक चारा मिल चुका होता।

**(ज) सूचना के अनुसार वाक्य का परिवर्तन कीजिए :–** 1

यही जीवन का सत्य भी है। (विस्मयार्थक)

**(6) (झ) मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए :–** 1

ठेस लगना

**(ट) अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए :–** 1

**(शेखी बघारना, आजीविका चलना)**

आशा को अपनी प्रशंसा करना पसंद है।

**(7) वाक्य शुद्ध करके फिर से लिखिए :–** 2

**(ठ)** उसका लिए आप चिंता न करे।

**(ड)** बँडपथक का सुरीली धुन सुनाई दी।

**(8) सहायक क्रियाएँ पहचानकर लिखिए :–** 1

**(ढ)** खयाल आते ही मैं काँप उठा।

**(त)** उनके रीति–रिवाजों का अध्ययन करना पड़ा।

**(9) क्रिया के 'प्रथम' तथा 'द्‌वितीय' प्रेरणार्थक क्रियारूप लिखिए :–** 1

| मूल क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक रूप | द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप |
|---|---|---|
| उठना | ________ | ________ |

**(10) वाक्य में यथास्थान विरामचिह्नों का प्रयोग कीजिए :–** 1

काकी ने पूछा ''क्या तुम्हारी अम्मा ने दी है''

**(11) वाक्य में प्रयुक्त कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए :–** 1

उसे हल करने के लिए अनेक घनघोर युद्‌ध हुए।

| कारक चिह्न | भेद |
|---|---|
| ________ | ________ |

## विभाग 5 – उपयोजित लेखन : 32 अंक

**प्र. 5 अ (1) पत्रलेखन :–** 5

**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्रलेखन कीजिए :–**

श्याम / श्यामा पांडेय, गजानन सोसाइटी, तिलक नगर, कोल्हापुर से अपने मित्र / सहेली अमित / अमिता शर्मा, 10/37, मीरा सोसाइटी, नाशिक को कथाकथन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में बधाई देते हुए पत्र लिखता / लिखती है।

**अथवा**

नीलेश / नीला जाधव, फुले नगर, अमरावती से क्षेत्रीय अधिकारी के नाम अपने क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु पत्र लिखता / लिखती है।

**(2) गद्‌य आकलन – प्रश्न निर्मिति :–** 5

**निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर एक–एक वाक्य में उत्तरवाले पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर परिच्छेद में हों :–**

हमारे राष्ट्रनिर्माताओं में सुभाषचंद्र बोस का स्थान अद्‌वितीय है। उन्होंने सस्ती लोकप्रियता के आगे स्वयं को या अपने सिद्‌धांतों को कभी नहीं झुकाया। उनकी नीति के कट्‌टर विरोधी भी उनकी इस दृढ़ता, स्पष्टवादिता और तेजस्विता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते थे।

सुभाषचंद्र बोस भारत से रहस्यपूर्ण ढंग से अंग्रेजों के सशस्त्र पहरे से निकल गए। विदेशों में जाकर उन्होंने आजाद हिंद फौज और सरकार का संगठन किया। देश की आजादी की खातिर उनका बलिदान अनुपम है। वे वीरता, शौर्य, साहस, निडरता तथा निर्भीकता के प्रतीक थे। सुभाषचंद्र बोस को उनके अनुयायी प्यार से नेताजी कहकर पुकारते थे। महात्मा गांधी की तरह वे भारत की आजादी के एक महान्‌ योद्‌धा थे। दोनों में मात्र अंतर यह था कि गांधीजी संत और सैनिक दोनों थे जबकि सुभाषचंद्र बोस प्रारंभ से अंत तक सैनिक थे।

**प्र. 5 (आ) (1) वृत्तांत लेखन :–** 5

**अभिनव विद्‌यालय, ऐक्य नगर, लातूर में मनाए गए ''विज्ञान दिवस'' समारोह का 60 से 80 शब्दों में वृत्तांत लेखन कीजिए।**

**(वृत्तांत में स्थल, काल, घटना का उल्लेख करना अनिवार्य है।)**

**(2) विज्ञापन :–** 5

**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर 50 से 60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए :–**

| | | |
|---|---|---|
| शैक्षिक योग्यता | | कालावधि |
| | सोसाइटी के लिए सुरक्षा रक्षक की आवश्यकता है | |
| आयु सीमा | | संपर्क |

**(3) कहानी लेखन :–** 5

**निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर 70 से 80 शब्दों में कहानी लिखिए और उचित शीर्षक दीजिए :–**

एक लड़का --- रोज निश्चित समय पर घर से निकलना --- देर से वापस आना --- माँ का परेशान होना --- सच्चाई का पता चलना --- गर्व अनुभव होना।

**प्र. 5 (इ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए :–** 7

(1) विज्ञान प्रदर्शनी में एक घंटा

(2) मेरे सपनों का भारत

****